**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT**
**LABOUR BUREAU**

**Shram Bureau Bhawan, Block No. 2,**
**Institutional Area, Sector 38 (West),**
**Chandigarh – 160036**
**Dated: 31st August, 2023**

**F.No. 5/1/2021-CPI**

**Press Release**

**Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – July, 2023**

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of July, 2023 is being released in this press release.

The All-India CPI-IW for July, 2023 increased by 3.3 points and stood at 139.7 (one hundred thirty nine point seven). On 1-month percentage change, it increased by 2.42 per cent with respect to previous month compared to increase of 0.90 per cent recorded between corresponding months a year ago.

The maximum upward pressure in current index came from Food & Beverages group contributing 2.86 percentage points to the total change. At item level, Rice, Arhar Dal/Tur Dal, Apple, Mango, Brinjal, Garlic, Ginger, Gourd(Lauki), Chilies Green, Potato, Onion, Tomato, Cumin seed/Jira, Supari, Saree Cotton, Shirt, T-shirt-readymade, School uniform, Leather Sandle, Chappal, Canvas Shoes, House rent, Auto-rickshaw/Scooter fare, Repair/Service Charges, Utensils, Medicine allopathic etc. are responsible for the rise in index. However, this increase was largely checked by Electricity (domestic) Charges, Kerosene oil, etc. putting downward pressure on the index.

At centre level, Gurugram recorded a maximum increase of 8.3 points. Among others, 3 centres recorded increase between 7 to 7.9 points, 4 centres between 6 to 6.9 points, 10 centres between 5 to 5.9 points, 15 centres between 4 to 4.9 points, 14 centres between 3 to 3.9 points, 25 centres between 2 to 2.9 points, 9 centres between 1 to 1.9 points and 4 centres between 0.1 to 0.9 points. On the contrary, Keonjhar recorded a decrease of 1.0 point. Rest of two centers index remained stationary.

Year-on-year inflation for the month stood at 7.54 per cent compared to 5.57 per cent for the previous month and 5.78 per cent during the corresponding month a year before. Similarly, Food inflation stood at 11.87 per cent against 6.00 per cent of the previous month and 5.96 per cent during the corresponding month a year ago.

•-• https://www.staffnews.in •-•


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




### All-India Group-wise CPI-IW for June, 2023 and July, 2023

| Sr. No. | Groups | June, 2023 | July, 2023 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 137.8 | 145.1 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 156.0 | 156.3 |
| III | **Clothing & Footwear** | 137.0 | 138.0 |
| IV | **Housing** | 123.4 | 125.7 |
| V | **Fuel & Light** | 181.5 | 181.0 |
| VI | **Miscellaneous** | 132.6 | 132.8 |
| | **General Index** | **136.4** | **139.7** |

### CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of August, 2023 will be released on Friday, 29th September, 2023. The same will also be available on the office website www.labourbureau.gov.in.

(Anil Kumar Negi)
Director

•-• https://www.staffnews.in •-•

भारत सरकार
श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

श्रम ब्युरो भवन, ब्लॉक न.-2,
संस्थागत क्षेत्र, सेक्टर 38 (पश्चिम),
चंडीगढ़ - 160036
दिनांक: 31 अगस्त, 2023

**संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.**

## प्रेस विज्ञप्ति

## औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100) - जुलाई, 2023

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। जुलाई, 2023 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है।

जुलाई, 2023 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 3.3 अंक बढ़कर 139.7 (एक सौ उनतालीस दशमलव सात) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 2.42 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य एवं पेय पदार्थ समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 2.86 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में, चावल, अरहर दाल/तूर दाल, सेब, आम, बेगन, लहसुन, अदरक, लौकी, हरी मिर्च, आलू, प्याज, टमाटर, जीरा, सुपारी, साड़ी सूती, शर्ट/टी-शर्ट तैयार, स्कूल वर्दी, चमड़े के सेंडल, चप्पल, कैन्वस जूते, मकान किराया, ऑटो-रिक्सा/स्कूटर किराया, रिपेयर/सर्विस प्रभार, बर्तन, एलोपेथिक दवा, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरित मुख्यतः बिजली (घरेलू) प्रभार, मिट्टी का तेल, इत्यादि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित किया।


केंद्र-स्तर पर गुरुग्राम के सूचकांक में अधिकतम 8.3 अंक की वृद्धि रही। अन्य 3 केंद्रों में 7 से 7.9 अंक, 4 केंद्रों में 6 से 6.9 अंक, 10 केंद्रों में 5 से 5.9 अंक, 15 केंद्रों में 4 से 4.9 अंक, 14 केंद्रों में 3 से 3.9 अंक, 25 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक, 9 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक, 4 केंद्रों में 0.1 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही। इसके विपरीत, क्योंझर में 1.0 अंक की कमी दर्ज की गई| शेष दो केंद्रों का सूचकांक स्थिर रहा।

जुलाई, 2023 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.57 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 5.78 प्रतिशत की तुलना में 7.54 प्रतिशत रहा। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 6.00 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 5.96 प्रतिशत की तुलना में 11.87 प्रतिशत रहा।



•-• https://www.staffnews.in •-•


## सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर (खाद्य एवं सामान्य)




### अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक : जून, 2023 एवं जुलाई, 2023

| क्र. सं. | समूह | जून, 2023 | जुलाई, 2023 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 137.8 | 145.1 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 156.0 | 156.3 |
| III | कपड़े एवं जूते | 137.0 | 138.0 |
| IV | आवास | 123.4 | 125.7 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 181.5 | 181.0 |
| VI | विविध | 132.6 | 132.8 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **136.4** | **139.7** |

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. : समूह सूचकांक




सूचकांक की आगामी कड़ी अगस्त, 2023 माह के लिए दिन शुक्रवार 29 सितंबर, 2023 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट ***www.labourbureau.gov.in*** पर भी उपलब्ध रहेगा।

**(अनिल कुमार नेगी)**
निदेशक



•-• https://www.staffnews.in •-•